# यूपीईएस ने पांचवीं बार जीता शहीद मेमोरियल कप




विजेता को पुरस्कार देते हुए अतिथि।

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

11वें शहीद मेमोरियल कप यूपीईएस ब्लू ने लगातार पांचवीं बार जीता। प्रोजेक्ट नमन के तहत आयोजित वार्षिक टूर्नामेंट भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ उनके परिवारों को वित्तीय और सामाजिक समर्थन प्रदान करता है।

बिधौली क्रिकेट ग्राउंड में फाइनल मैच में यूपीईएस ब्लू और सिंचाई विभाग हरिद्वार के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए यूपीईएस ब्लू ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 180 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में खेलने उतरी सिंचाई विभाग हरिद्वार की टीम आठ विकेट गंवाकर 168 रन ही बना पाई और 21 रन से मैच हार गयी। यूपीईएस ब्लू के प्रशांत चौधरी मैन ऑफ द मैच, मोहित मियां बेस्ट बॉलर, अमन नेगी बेस्ट बेट्समैन का खिताब दिया गया।